संख्या-30/2026/84/60-1-2026-1801084

प्रेषक,

प्रेम प्रकाश सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
महिला कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

महिला कल्याण अनुभाग-1 लखनऊ::दिनांक:: 02 जून, 2026

विषय:- मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत जनपद-बरेली में प्रस्तावित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), किशोर न्याय बोर्ड सहित के भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक् अपने पत्र संख्या-468/निदे0म0क0/प्रोबे0/रा0सम्प्रे0 गृ0/मु0बा0आ0यो0/भवन निर्माण-57/2026-27, दिनांक 11.05.2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत जनपद-बरेली में 100 की क्षमता के प्रस्तावित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), किशोर न्याय बोर्ड सहित के भवन निर्माण हेतु चयनित कार्यदायी संस्था यू०पी०पी०सी०एल० द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन प्रस्ताव के सापेक्ष पी०एफ०ए०डी० द्वारा परीक्षणोपरान्त प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु मूल्यांकित कुल लागत धनराशि रू० 1610.68 लाख के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू० 8000.00 लाख (रूपये अस्सी करोड़ मात्र) में से जनपद-बरेली में भवन निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में रू0 500.00 लाख (रूपये पॉच करोड़ मात्र) की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति अनुदान संख्या-49 में व्यवस्थित लेखाशीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय-02-समाज कल्याण-103-महिला कल्याण-07-मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत राजकीय संस्थाओं/गृहों का भवन निर्माण मानक मद-24-वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत निर्गत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत जनपद-बरेली में 100 की क्षमता के राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), किशोर न्याय बोर्ड सहित के भवन निर्माण हेतु पी०एफ०ए०डी० द्वारा मूल्यांकित लागत धनराशि रू० 1610.68 लाख की वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए अनुदान संख्या-49 में व्यवस्थित लेखाशीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय-02-समाज कल्याण-103-महिला कल्याण-07-मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत राजकीय संस्थाओं/गृहों का भवन निर्माण के मानक मद-24-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

वृहद निर्माण कार्य में प्राविधानित धनराशि रू० 8000.00 लाख (रूपये अस्सी करोड़ मात्र) में से उक्त भवन के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में रू0 500.00 लाख (रूपये पॉच करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत करते हुए निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) निदेशक, महिला कल्याण द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनॉक 28.03.2026 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, महिला कल्याण द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा प्रश्नगत परियोजना की परीक्षण आख्या में उल्लिखित शर्तों एवं दिशा-निर्देशों का अनुपालन निदेशक, महिला कल्याण द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) निदेशक, महिला कल्याण यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, महिला कल्याण की होगी।

(5) निदेशक, महिला कल्याण यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नही की गयी है।

(6) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, महिला कल्याण का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश निदेशक, महिला कल्याण द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(7) अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किश्तों में किया जायेगा।

(8) कार्यदायी संस्था द्वारा आगणन में अनुमोदित सीमा तक ही सेंटेज चार्ज लिया जायेगा।

(9) आगणन में वर्णित लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(10) परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। अतः इस संबंध में शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यो की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यो की मानीटरिंग भी किया जायेगा।

(12) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(13) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना से सम्बन्धित राज्य सरकार की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(14) योजनान्तर्गत बाटआउटस आइटम्स की श्रेणी से आच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा।

(15) प्रश्नगत गृह के मानचित्र अनुमोदन सम्बन्धी ज्येष्ठ वास्तुविद तृतीय इकाई, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-49 एस0ए0-3/92एस0ए0-3(बरेली म0)/सम्प्रेक्षण गृह/2025, दिनांक 18.02.2026 में उल्लिखित शर्तों/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने का दायित्व निदेशक, महिला कल्याण का होगा।

(16) प्रश्नगत स्वीकृति मानक के संबंध में निदेशक, महिला कल्याण द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, महिला कल्याण का होगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 5,00,00,000/- (रूपये पॉच करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-49 लेखाशीर्षक-4235021030700-मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत राजकीय संस्थाओं/गृहों का भवन निर्माण-मानक मद-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न यू0ओ0 संख्या-ई-4-21-X-2026-27, दिनांक 21.05.2026 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(प्रेम प्रकाश सिंह)
संयुक्त सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक काय्रवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 लखनऊ/प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 सिविल लाइन्स, प्रयागराज।
4- मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, निदेशालय, महिला कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4
7- राज्य योजना आयोग अनुभाग-2
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवनीश कुमार सिंह)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in